जनपद के विभिन्न मार्गों की खस्ताहाल स्थिति को लेकर आन्दोलन

03जुलाई 2014, गोरखपुर। गोरक्षपीठ के उत्तराधिकारी एवं गोरखपुर के सांसद योगी आदित्यनाथ जी महाराज ने गोरखपुर-पिपराइच मार्ग समेत जनपद की विभिन्न मार्गो की खस्ताहाल स्थिति को लेकर पिपराइच कस्बे से सटे ताज पिपरा चौराहे पर धरने का नेतृत्व किया। उन्होंने चेतावनी दी कि एक सप्ताह के अन्दर गोरखपुर जनपद की सभी खस्ताहाल सड़के यातायात के अनुकूल नही हुई तथा विद्युत की अनियमित और अघोषित कटौती बन्द नही हुई तो उसके लिये जिम्मेदार अधिकारी स्वंय अपना बोरिया-बिस्तर बांध लें।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजनान्तर्गत जनपद में स्वीकृत सभी सड़के गढ्ढों में तब्दील हो चुकी है। पिछले तीन वर्षो से इन सड़को पर मरम्मत तक नही हुआ जबकि वर्ष 2009-10 में स्वीकृत ये सड़के भारत सरकार ने इस शर्त से धनराशि उपलब्ध कराई थी कि हर 6 माह में प्रदेश सरकार इन सड़को का मरम्मत करके यातायात के योग्य बनाये रखेंगी। योगी जी ने धरना स्थल पर मौजूद जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को स्पष्ट चेतावनी दी कि अगर आज ही पिपराइच-गोरखपुर मार्ग के मरम्मत का कार्य प्रारम्भ नही हुआ तथा एक सप्ताह के अन्दर अन्य सभी मार्ग पिपराइच-कुसम्ही मार्ग, पिपराइच-बरगदही मार्ग, जंगल कौड़िया-जगतबेला मार्ग, कटघर-सतुआभार-दिगही मार्ग, पीपीगंज-जसवल मार्ग, महेवा-मलौनी तटबन्ध मार्ग, सहजनवा-घघसरा-बखिरा मार्ग आदि इन सभी सड़को की मरम्मत कार्य नही हुआ तो आज ही अनिश्चितकालीन आन्दोलन की घोषणा होगी। इसके लिये जिले के जिम्मेदार अधिकारियों के घरों का घेराव होगा तथा इन सभी मार्गों पर हजारों जनता उपस्थित होकर सड़क जाम करेंगी। इन सड़को की खस्ताहाल स्थिति के कारण आवागमन बाधित सा है। रोज दुर्घटना हो रही है। अभी कल ही गोरखपुर-पिपराइच मार्ग पर जंगल धूसड़ की एक महिला की वाहन से गिरकर दुर्घटना से मृत्यु हुई। पिछले एक वर्ष में एक दर्जन मौतें गोरखपुर-पिपराइच मार्ग पर हो चुकी है। आखिर इन मौतों के लिये कौन जिम्मेदार है?

योगी जी ने जिला प्रशासन को विद्युत की दुर्व्यवस्था के बारें में भी कटघरें में खड़ा किया और उनसे स्पष्ट कहा कि महानगर के अन्दर 18-20 घण्टे तथा ग्रामीण क्षेत्रों

में 14-16 घण्टे की विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किया जाय। खासतौर से गोरखपुर महानगर के बाहर तीन महत्वपूर्ण टाउन एरिया हैं- पिपराइच, पीपीगंज और सहजनवा। इन तीनों टाउन एरिया में विद्युत की आपूर्ति दो शिफ्टों में किया जाय, रात्रि 8.00 बजे से प्रातः 6.00 बजे तक तथा दिन में 11.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक।

सड़कें और विद्युत की दुर्व्यवस्था जड़ता का दुष्परिणामः योगी

- सांसद योगी आदित्यनाथ ने ताज पिपरा चौराहे पर दिया धरना
- बिजली और सड़क की खराब स्थिति जल्द ठीक न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

गोरखपुर। गोरखपुर-पिपराइच मार्ग समेत जनपद की विभिन्न मार्गो की खस्ताहाल स्थिति, विद्युत की अनियमित और अघोषित कटौती के विरोध में पिपराइच के ताज पिपरा में धरना दिया गया। धरने का नेतृत्व कर रहे गोरक्षपीठ के उत्तराधिकारी, सांसद योगी आदित्यनाथ ने मौके पर उपस्थित सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को चेतावनी दिया कि एक सप्ताह के अंदर यदि व्यवस्था नही सुधरी तो अनिश्चितकालीन आन्दोलन, चक्का जाम किया जाएगा। उन्होने कहा कि खस्ताहाल सड़के और विद्युत की दुर्व्यवस्था शासन-प्रशासन की जड़ता व मनमाने का दुष्परिणाम है।

उन्होने कहा कि उक्त चेतावनी गोरक्षपीठ के उत्तराधिकारी एवं गोरखपुर के सांसद योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर-पिपराइच मार्ग समेत जनपद की कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजनान्तर्गत जनपद में स्वीकृत सभी सड़के गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। पिछले तीन वर्षो से इन सड़को पर मरम्मत तक नही हुआ जबकि वर्ष 2009-10 में स्वीकृत ये सड़के भारत सरकार ने इस शर्त से धनराशि उपलब्ध कराई थी कि हर 6 माह में प्रदेश सरकार इन सड़को का मरम्मत करके यातायात के योग्य बनाये रखेंगी। योगी ने धरना स्थल पर मौजूद जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को स्पष्ट चेतावनी दी कि अगर आज ही पिपराइच-गोरखपुर मार्ग के मरम्मत का कार्य प्रारम्भ नही हुआ तथा एक सप्ताह के अन्दर अन्य सभी मार्ग पिपराइच-कुसम्ही मार्ग, पिपराइच-बरगदही मार्ग, जंगल कौड़िया-जगतबेला मार्ग, कटघर-सतुआभार-द्रिही मार्ग, पीपीगंज-जसवल मार्ग, महेवा-मलौनी तटबन्ध मार्ग, सहजनवा-घघसरा-बखिरा मार्ग आदि इन सभी सड़को की मरम्मत कार्य नही हुआ तो आज ही अनिश्चितकालीन आन्दोलन की घोषणा होगी।

योगी ने जिला प्रशासन को विद्युत की दुर्व्यवस्था के बारें में भी कटघरें में खड़ा किया और उनसे स्पष्ट कहा कि महानगर के अन्दर 18-20 घण्टे तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 14-16 घण्टे की विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किया जाय। खासतौर से महानगर के बाहर तीन महत्वपूर्ण टाउन एरिया पिपराइच, पीपीगंज और सहजनवा में विद्युत की आपूर्ति दो शिफ्टों में किया जाय।

धरना कार्यक्रम संयोजक पिपराइच के ब्लाक प्रमुख एवं हिन्दु युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष आनन्द शाही तथा भाजपा जिलाध्यक्ष जर्नादन तिवारी ने मौके पर उपस्थित अधिकारी जिला प्रशासन की ओर से मुख्य राजस्व अधिकारी तथा ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट सदर तथा लोक निर्माण विभाग की ओर से अधीक्षण अभियन्ता को जनपद की दर्जनों खस्ताहाल सड़को का ज्ञापन सौपा।

इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख गजेन्द्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता राधेश्याम सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी अवधेश सिंह, राजेश निषाद, संघर्षमणि उपाध्याय, वीरेन्द्र पाठक, बृजभूषण सिंह, राधेरमण चौरसिया, नरेन्द्र सिंह, संजय सिंह, धर्मेन्द्र सिंह सैथवार, रमेश कन्नौजिया, रामाश्रय यादव, लव सिंह, अविनाश तिवारी, अरूण जायसवाल, अमरनाथ जायसवाल, जीतेन्द्र जायसवाल, सभासद हरिओम जायसवाल, सभासद शिवमंगल वर्मा, वकील सिंह सहित अनेक क्षेत्रीय जनता उपस्थित थी। मंच संचालन अष्टभुजा तिवारी ने किया।

धरना स्थल पर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते सांसद योगी आदित्यनाथ।